मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-285
29/04/2023

# मुख्यमंत्री ने शास्त्रीनगर में नवनिर्मित वरीय पदाधिकारियों के आवास का किया उद्घाटन, योग एवं ध्यान केंद्र परिसर का भी किया उद्घाटन

पटना, 29 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के शास्त्रीनगर में नवनिर्मित वरीय पदाधिकारियों के आवास का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन के पहले एवं सातवें तल्ले का निरीक्षण किया। इस दौरान बेडरूम, ड्राइंगरूम, किचन और बालकॉनी सहित अन्य कमरों आदि को देखा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने शास्त्रीनगर में ही नवनिर्मित योग एवं ध्यान केंद्र परिसर का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती एवं बिहार योग विद्यालय मुंगेर के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने योग एवं ध्यान केंद्र परिसर में स्थित पुस्तकालय एवं अन्य योग–कमरों को भी देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग एवं ध्यान के लिए यहां आनेवाले प्रशिक्षकों के रहने–खाने, आवागमन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और ठीक ढंग से लोगों का प्रशिक्षण हो सके।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वामी शिवानंद सरस्वती एवं परमहंस सत्यानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती को अंग वस्त्र, हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने अंग वस्त्र, हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित योग एवं ध्यान केन्द्र के परिचालन हेतु भवन निर्माण विभाग एवं बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के बीच एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किया गया।

मुख्यमंत्री ने योग एवं ध्यान केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

योग एवं ध्यान केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि योगाभ्यास के लिए पटना में भी इंतजाम किया गया है। इनसे हमारी

बातचीत एक जमाने से होती रहती है। इनसे हमने कहा कि योग का एक केंद्र पटना में रहेगा तो बहुत अच्छा होगा। उन लोगों ने इस पर अपनी सहमति दे दी। पटना में योग केंद्र बनाया गया है। उनकी तरफ से लोग यहां आकर योग की ट्रेनिंग देंगे। उन लोगों के यहां रहने और मुंगेर से पटना आने जाने की सुविधा सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यह लोगों के हित में है। हमलोग तो योग करते ही हैं। पटना में योग केंद्र खुलने से मुझे काफी खुशी हुई है। मुंगेर के योग केंद्र में जो भी आवश्यकता थी, हमलोगों ने उसमें सहयोग किया है।

भवन निर्माण विभाग एवं बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के बीच एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर होने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक औपचारिकता है।

वरीय पदाधिकारियों के लिये बने नवनिर्मित आवास से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों के लिए यहां पर भवन का निर्माण कराया गया है। अभी और आवास का निर्माण किया जाना है। किसी भी अधिकारियों को रहने में कोई दिक्कत नहीं होगी। नया भवन दिखने में काफी सुंदर लगता है। पुराने भवनों को हटाकर उनके जगहों पर नया भवन बनाना है। इसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है।

******